

RNI No. PUNBIL/2014/59416

# यूटर्न टाईम UTURN TIME

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA




VOL:01 | ISSUE:114 | MONDAY, DATE: 09-05-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

### अनुशासन वाली राष्ट्रीय पार्टी में 'अंदर की बात'

# भाजपा तलाश रही खोई सियासी-जमीन, तेजी से 'फोकस' कर लुधियाना से पहल

## पार्टी के थिंक-टैंक बीएल संतोष दौरा करके लौटे अब राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 14 मई को आएंगे

नदीम अंसारी

लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। शिरोमणि अकाली दल-बादल से गठबंधन टूटने के बाद बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा को बड़ा खमियाजा भुगतना पड़ा। नगर निगम और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के रणनीतिकारों का चिंतित होना भी वाजिब है। मौजूदा वक्त नए चुनावी गठजोड़ वाली कैप्टन अमरिंदर सिंह की लोक कांग्रेस पार्टी और शिअद-डेमोक्रेटिक से भाजपा को आने वाले चुनावों में भी कोई खास सियासी फायदे की उम्मीद नहीं लगती। लिहाजा उसने ऐकला चलो वाली तर्ज पर पंजाब की आर्थिक राजधानी लुधियाना से पहल करते हुए अपनी खोई सियासी-जमीन तलाशने की मुहिम शुरु कर दी है।



**भीतरघाती-रोग का इलाज शुरु**

गौरतलब है कि बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष पार्टी में मातृ-संगठन आरएसएस के सबसे विश्वासपात्र रणनीतिकार हैं। जो पिछले महीने उत्तराखंड में 23 सीटों पर हुई हार की समीक्षा करने गए थे। जिन सीटों पर भितरघात खुलकर सामने आए थे, वे मामले अनुशासन समिति को सौंप चुके हैं। इसके बाद वह कल पंजाब दौरे पर आए। सूत्र बताते हैं कि उन्होंने यहां उन सीटों की गंभीरता से समीक्षा की, जिन पर भाजपा उम्मीदवारों के जतीने की उम्मीदें थी और हार गए। मकसद साफ है कि पार्टी में जारी गुटबाजी व भितरघात के रोग को यहीं पर बढ़ने से रोकना है। हालांकि सार्वजनिक तौर पर पंजाब भर से भाजपा पदाधिकारियों को बुलाने का मकसद होने वाले निगम चुनाव व संगरूर लोकसभा क्षेत्र के उप-चुनाव की तैयारी बताया गया था।

**दिग्गज नेताओं का आना, कुछ तो है**



कल की बैठकों में प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कमान संभाली। जबकि थिंक-टैंक बीएल.संतोष के अलावा राष्ट्रीय महासचिव व पंजाब प्रभारी दुष्यंत गौतम, तरुण चुघ, केन्द्रीय मंत्री सोम प्रकश, राष्ट्रीय सचिव व पंजाब सह-प्रभारी डॉ. नरेंदर सिंह रैना भी मौजूद रहे। यहां जानना दिलचस्प होगा कि कल ही संयोग के पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला भी महानगर पहुंचे। जो घोषित तौर पर तो राष्ट्रीय दलित आयोग के चेयरमैन बनने के बाद पहली बार मामलों की सुनवाई करने आए थे। बता दें कि वह पंजाब दलित समाज का बड़ा चेहरा हैं और दलित वोट-बैंक हर चुनाव में निर्णायक होता है।

**वर्करों को संदेश, शिअद से दोस्ती दोबारा नहीं**

एक दशक पहले से भाजपा कार्यकर्ता शिअद से गठबंधन तोड़ अकेले चुनाव लड़ने की मांग कर रहे थे। पिछले विस चुनाव से पहले यह हो भी गया, मगर देर हो चुकी थी। भाजपा भी विस चुनाव शिअद की तरह हारी तो दोनों में फिर से गठजोड़ की चर्चाओं से भाजपा कार्यकर्ता बेचैन थे। सोमवार को यहां सर्किट हाउस में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने दोटूक ऐलान किया कि भाजपा अब अकालियों से किसी भी सूरत में हाथ नहीं मिलाएगी।

**नड्डा के आने का मकसद भी खास**


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 14 मई को पंजाब दौरे पर हैं। वह भी लुधियाना में उस दिन प्रांतीय कार्यकर्ता सम्मेलन करेंगे। मानों सब कुछ तय रणनीति के तहत हो रहा है। विस चुनाव के पहले लुधियाना पर फोकस कर आम आदमी पार्टी ने दूसरे दलों में जमकर सेंधमारी की नतीजतन 14 में से सिर्फ दाखा सीट छोड़कर सब जीत लीं। अब जीतकर भी आप का फोकस लुधियाना पर ही है। सीएम बनकर भगवंत मान पहली बार महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया के जन्मदिवस के प्रांतीय समारोह में यहां आए। किसानों व नौजवानों को रिझाने वाले दो बड़े ऐलान कर गए थे। आज भाजपा ने आप सरकार को निशाने पर रख खूब सियासी हमले किए। अब सीएम मान कल फिर लुधियाना आकर पंजाब के तमाम शिक्षा अधिकारियों व स्कूल प्रिंसिपलों से मीटिंग करेंगे। वह कोई बड़ा ऐलान भी कर सकते हैं। उसके चार दिन बाद भाजपा अध्यक्ष नड्डा यहां आएंगे तो उनके निशाने पर भी आप सरकार रहेगी, ऐसा सियासी-जानकारों का मानना है।



# पंचशील कालोनी में पार्क की जगह पर कब्जे के मामले में आखिर 'ऊपर-वाला' है कौन?

## आम आदमी की सरकार होकर भी कॉलोनी वाले खुद पर पर्चे से परेशान

लुधियाना/यूटर्न/9 मई। आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने से पहले दावा किया था कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी रसूखदार का कोई दबाव सरकार नहीं मानेगी। जबकि महानगर के एक चर्चित मामले में इस दावे पर सवालिया निशान लगे हैं। इस मामले में ग्लाडा की स्कीम के तहत काटी पंचशील कालोनी में पार्क की जगह पर कब्जे का विरोध करने वाले कालोनी वासी खुद पर पर्चा होने से परेशान हैं। उनका सवाल यही है कि आखिरकार वह 'ऊपर वाला' कौन है, जिसके दबाव में पर्चा हो गया। उनका इलजाम है कि कालोनी के काटने वाले छाबड़ा डेवलपर्स ने ही यह खेल किया था। पार्क की जगह एक रिटायर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को गुपचुप बेच दी थी। बीते दिनों कालोनी वालों ने उस जगह में बनी चाहरदीवारी तोड़ी तो पुलिस ने उल्टे उन पर ही मामला दर्ज कर दिया था। इसे लेकर समाजसेवी ट्रांसपोर्टर जनकराज गोयल ने भी हैरानी जताई कि बाकायदा ग्लाडा एप्रूव्ड कालोनी में पार्क की जगह किसी को कैसे बेची गई। ग्लाडा-नगर निगम अधिकारियों की सीधे जवाबदेही बनती है। यह भी हैरानी की बात है कि वह कौन ऊपर वाला है, जिसके दबाव में कालोनी वालों पर ही पर्चा कर दिया गया। जबकि आप सरकार किसी का दबाव नहीं मानने के दावे करती है। आरटीआई एक्टिविस्ट कीमती रावल ने तंज कसा कि क्या यही आम आदमी की सरकार है। जिसके राज में बेकसूर आम लोगों पर ही पर्चे होने लगे हैं।




परिजनों के साथ रोष जताते कालोनी वासी: फाइल फोटो

# सीएम मान मंगलवार को लुधियाना में

लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। मुख्यमंत्री मंगलवार 10 मई को महानगर पहुंचेंगे। वह फिरोजपुर रोड स्थित एक रिसोर्ट में पंजाब के शिक्षा अधिकारियों व स्कूलों के प्रिंसिपलों के साथ मीटिंग करेंगे। वहां तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज सूबे के शिक्षा मंत्री मीत हेयर पहुंचे। जबकि सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन दिन भर रिसोर्ट और हाइवे पर पुख्ता प्रबंध करने में जुटा रहा।



# जनकराज गोयल डॉक्ट्रेट उपाधि से सम्मानित

लुधियाना/यूटर्न/9 मई। महानगर में एनजीओ नई दिशा के संचालक जनकराज गोयल को हैती यूनिवर्सिटी की ओर से डॉक्ट्रेट इन फिलासिफी उपाधि से नवाजा गया है। हैती स्थित टियोफैनी यूनिवर्सिटी की ओर कल दिल्ली के हैबिटेट सेंटर में एक समारोह रखा गया था। जिसमें एशिया की एडमिशन इंचार्ज साजिया शोजई ने समाजसेवी जनकराज गोयल को डॉक्ट्रेट की उपाधि देकर सम्मानित किया।




# वरिष्ठ पत्रकार अमरीक बतरा का निधन





लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। महानगर के वरिष्ठ पत्रकार अमरीक सिंह बतरा का बीमारी के चलते निधन हो गया। करीब 56 वर्षीय बतरा एक निजी अस्पताल में दाखिल थे, जहां उन्होंने अंतिम सांसें लीं। वह बतौर पत्रकार अजीत समाचारपत्र समूह से लंबे वक्त से जुड़े थे। वह अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार मॉडल टाउन एक्सटेंशन श्मशान घाट में किया गया। इस मौके पर पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों के अलावा बड़ी संख्या में राजनीतिक, धार्मिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बेहद मिलनसार मिजाज वाले बतरा के निधन पर सबने गहरी शोक संवेदना जताते हुए उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# 12 साल के लड़के ने चार साल की मासूम से किया दुष्कर्म

## वेहड़ों में ऐसी घटनाएं बढ़ना चिंता का विषय, मजदूरीपेशा परिवारों के बच्चे होते हैं अकेले

लुधियाना/यूटर्न/9 मई। इस महानगर के आउटर इलाके फुल्लांवाल में एक शर्मनाक-हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां बारह साल के लड़के ने चार साल की मासूम के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची को तलाशते हुए उसकी माता जब मौके पर पहुंची तो आरोपी लड़का फरार हो गया। पीड़ित बच्ची की माता की शिकायत पर थाना सदर की पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी लड़के को हिरासत में ले लिया। पुलिस से शिकायत में पीड़ित बबच्ची की माता ने बताया कि उनके ही वेहड़े में रहने वाला लगभग 12 साल का आरोपी लड़के ने यह शर्मनाक करतूत की। वह उनकी चार साल के बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने पुराने घर में ले गया। जहां उसने नादाना बच्ची के साथ मुंह काला किया। जब शिकायतकर्ता अपनी बच्ची को तलाशते हुए वहां पहुंची तो वह रोते हुए मिली। जानकारी के मुताबिक, आरोपी किशोर होने की वजह से उसको हिरासत में लेने के बाद जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया गया। साथ ही पीड़ित बच्ची की मेडिकल जांच भी कराने के साथ उसका उपचार कराया गया।



**असुरक्षित हैं मासूम बच्चे...**

यह बेहद चिंताजनक पहलू है कि शहर के आउटर इलाकों में जहां मजदूरीपेशा परिवार वेहड़ों में रहते हैं, वहां नाबालिग और मासूम बच्चों के साथ दुष्कर्म के मामले अकसर होते हैं। माहिरों के मुताबिक आर्थिक मजबूरी के चलते परिवार के सभी बड़े सदस्यों का मजदूरी-नौकरी करने व बच्चों के वेहड़ों में अकेले होने से विकृत मानसिकता वाले व्यस्क व नाबालिग लड़के तक उनको अपनी हवस का शिकार बनाते हैं।

# लॉ 'एंड' सिर्फ ऑर्डर!

इंडस्ट्रियल सिटी होने के नाते भी लुधियाना में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति दुरुस्त रहना बहुत जरूरी माना जाता है। इसके बावजूद पिछली सरकारों की तुलना में आप सरकार बनने के बाद इस मामले में हालत सुधरने की बजाए फिलहाल तक बिगड़ती ही नजर आ रही है। गैंगस्टरों और उनके गुर्गों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि वे सरेआम फायरिंग, किडनेपिंग जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं। दूसरी तरफ लूटपाट, स्नेचिंग और चोरियों की घटनाएं भी लगातार जारी हैं। हां, इतना जरूर है कि नई सरकार में नशाखोरी के खिलाफ जारी मुहिम के तहत बाकी शहरों की तर्ज पर भी महानगर में पुलिस का फोकस नशा तस्करों व उनके पैडलरों की धरपकड़ पर है। यह राहत की बात है, लेकिन इसके एवज में जनता बाकी अपराधों की वजह से खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। यह पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि नशा-तस्करों, गैंगस्टरों की धरपकड़ मुहिम चलाने के साथ ही शहर में कानून-व्यवस्था भी दुरुस्त रखे। वर्ना आने वाले दिनों में बिगड़ती कानून-व्यवस्था एक बड़ी चुनौती बन सकती है।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# डीएमसीएच में थैलेसीमिया रोगियों के लिए ब्लड डोनेशन कैंप लगा जागरुक किया

राजकुमार शर्मा

लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस के लिए इस वर्ष की थीम 'बी अवेयर शेयर केयर' रहा। इस दिन को मनाने के लिए डीएमसीएच में थैलेसीमिया रोगियों के लिए वार्षिक मेडिकोज ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया। सोमवार को एक महीने तक चलने वाले जागरूकता अभियान का समापन किया गया। थीम ध्यान में रखते हुए अभियान के दौरान विभिन्न जागरूकता वीडियो डॉक्टरों, थैलेसीमिया के रोगियों व उनकी सफलता की कहानियां सामने रखी गई। ताकि वर्चुअल प्लेटफॉर्म से आम जनता को थैलेसीमिया के बारे में जागरूक किया जा सके। शिविर





का आयोजन बाल रोग विभाग और ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग, डीएमसीएच द्वारा किया गया था। जिसका उद्घाटन डीएमसीएच प्रबंध समिति के सचिव प्रेम कुमार गुप्ता ने प्रधानाचार्य डॉ. संदीप पुरी, डीन अकादमिक डॉ. संदीप कौशल, चिकित्सा अधीक्षक के साथ किया। डॉ. संदीप शर्मा और डॉ. बिशव मोहन व राजेश कपूर हेड ज़िंदगी लाइव फाउंडेशन, पंकज रॉक फाउंडेशन से, रजत पीबीजी वेलफेयर क्लब आदि से उपस्थित थे। डॉ अमरजीत कौर प्रोफेसर और ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के प्रमुख ने बताया कि, डीएमसीएच में ट्रांसफ्यूजन विभाग सुरक्षित रक्त आधान के लिए नवीनतम अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। डॉ श्रुति कक्कड़, एसोसिएट प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ पीडियाट्रिक्स एंड इंचार्ज थैलेसीमिया यूनिट डीएमसीएच ने कहा कि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को जीवन भर रक्त आधान की आवश्यकता होती है। डीएमसीएच के डीएमसीएच कॉलेज ऑफ नर्सिंग पीडियाट्रिक्स ओपीडी ब्लॉक के नर्सिंग छात्रों द्वारा एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और एक रोल प्ले का आयोजन किया।

# 11 मई को इन इलाकों बिजली बंद रहेगी

लुधियाना/यूटर्न/9 मई। पीएसपीसीएल की 11 केवी फीडरों की मरम्मत मुहिम के चलते लुधियाना 11 मई बुधवार) को कई इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। जिसके चलते सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में इंडस्ट्रियल एरिया-ए, घोड़ा रोड लिंक रोड तक और घोड़ा रोड के आसपास के क्षेत्र आदि शामिल हैं। इसी तरह दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक न्यू प्रीत नगर, रमेश नगर, मंजीत नगर, इकबाल नगर, गुरु गोबिंद सिंह नगर, मायापुरी की स्ट्रीट नंबर 1,2,3 और 4 के अलावा स्ट्रीट नंबर 1/1,1/2,1/3 और 1/3 के साथ ही पंजाबी बाग, संधू एन्क्लेव आदि में बिजली आपूर्ति ठप रहेगी।



# एससीडी गवर्नमेंट कॉलेज में विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया



लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। एससीडी गवर्नमेंट कॉलेज लुधियाना की रेड क्रॉस सोसाइटी ने 9 मई 2022 को कैंपस में 'मानवता की सेवा' विषय पर पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित कर विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया। प्राचार्य डॉ प्रदीप सिंह वालिया और कॉलेज रेड क्रॉस सोसाइटी की संयोजक डॉ पूनम महाजन के कुशल मार्गदर्शन में मानव होने के महत्व के बारे में युवाओं में जागरुकता दिवस मनाया गया। प्रतियोगिता में कॉलेज के लगभग चालीस छात्रों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. वालिया ने आरसीएस स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

उन्होंने उन्हें मानवता की सेवा के अपने उत्साह को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया, प्रो कजला और डॉ गुरशरणजीत संधू ने छात्रों के रचनात्मक कार्यों का मूल्यांकन किया। आरसीएस संयोजक डॉ पूनम महाजन ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया और प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों को बधाई दी जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल। आरसीएस की समिति के सदस्य प्रो अनामिका और प्रो अरुण कुमार ने आयोजन को सफल बनाने के लिए कुशलतापूर्वक कर्तव्यों का निर्वहन किया।

# कुंदन विद्या मंदिर में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

लुधियाना/यूटर्न/9 मई। यहां कुंदन विद्या मंदिर की सिविल लाइन शाखा में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल एपी शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य सोनिया वर्मा और सभी हेड सेक्शन मौजूद थे।

दीप प्रज्वलन की परंपरा निभाने के बाद गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रिंसिपल शर्मा ने अपने संबोधन में स्कूल की शैक्षणिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों की रिपोर्ट पढ़ी। पुरस्कार विजेताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सुंदर स्वागत नृत्य और प्रेरणात्मक गीतों की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। प्राइमरी माध्यमिक वरिष्ठ विभाग के शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में




अग्रणी रहने वाले 173 स्टूडेंट्स को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया वरिष्ठ विभाग की सूची निधि पुंज ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। उसके बाद राष्ट्रीय गीत की धुन पर समारोह का समापन किया गया।

# शाही इमाम बोले, पटियाला में भड़काऊ भाषण देने वालों पर दर्ज किया जाए केस

## किया आगाह, धर्म के नाम पर गुडंगर्दी नहीं करेंगे सहन

लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने पटियाला हिंसा की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि पटियाला में धर्म के नाम पर अमन और भाइचारे को बिगाड़ने की नीयत से हुई हिंसा को सूबे के खिलाफ नापाक साजिश है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि साफ नजर आ रहा है कि विदेशी और देसी कट्टरपंथी आपस में ताल-मेल बना कर पंजाब के अमन और भाईचारे के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। सिर्फ अपना अस्तित्व बचाने के लिए विदेश में बैठे आतंकियों का नाम लेकर पूरे पंजाबी भाईचारे और धर्म



विशेष की भावनाओं को ठेस पहुंचाना शर्मनाक है। तस्वीर बिल्कुल साफ है कि कौन क्या खेल खेल रहा है, लेकिन धर्म के नाम पर गुंडागर्दी पंजाब में नहीं चलने दी जाएगी। शाही इमाम ने कहा कि पटियाला हिंसा के बीच कुछ भड़काऊ भाषण देते वीडियो भी सामने आई हैं। इनमें कहा जा रहा है कि मुसलमानों और इस्लाम को देश में रहने का कोई हक नहीं है। यह कहने वाले वही हैं जो 6 जून को कभी भी भड़काऊ भाषण देने से पीछे नहीं हटते। तुरंत इन शरारती तत्वों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर करवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पहले दो समुदायों और फिर मुसलमानों के खिलाफ टिप्पणी कर आखिर यह क्या साबित करना चाहते हैं।

# भगवान परशुराम समाज सेवा समिति ने हवन यज्ञ कर मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। भगवान परशुराम समाज सेवा समिति की तरफ से भगवान परशुराम जन्मोत्सव स्थानीय ढोलेवाल चौंक स्थित लंगर हाल में श्रद्धा के साथ मनाया गया। चेयरमैन राकेश शर्मा के नेतृत्व में समूह समिति सदस्यों ने हवन यज्ञ में पूर्ण आहूतियां डालकर समारोह का शुभारंभ करवाया। विद्वान पंडितो व बुद्धिजीवियों ने सत्संग व प्रवचनों के माध्यम से भगवान परशुराम जी की जीवनी की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। भजन गायक कुमार रोहित की तरफ से प्रस्तुत भजनों परशुराम जी तेरी जय होवे..., आया आया परशुराम जी का जन्म दिन आया..., की संगीतमय धुनों पर श्रद्धालुओं ने अपने इष्टदेव के पर्व की खुशियां मनाई। विधायक अशोक पराशर पप्पी, पूर्व विधायक राकेश पांडे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, ब्राहामण सभा पंजाब के अध्यक्ष शेखर शुक्ला, जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष डिंपल राणा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीषा कपूर, पंडित राजन शर्मा ने जरूरतमंद स्कूली छात्रों को पढ़ाई के लिए स्टेशनरी वितरित कर भगवान



परशुराम जी के बताए मार्ग के पर चलने के लिए उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया। भगवान परशुराम समाज सेवा समिति के चेयरमैन राकेश शर्मा ने भगवान परशुराम जी को अजर अमर बताते हुए कहा कि अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय थी।

## मामला शहीद सुखदेव की जन्म स्थली के सौंदर्यकर्ण के कार्य में नगर निगम की लेटलतीफी का

# स्वंतत्रता संग्राम के शहीदों को जाति धर्म के आधार पर बांट सत्तासीन लोगों ने किया घोर अपराध: चड्ढा

लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। शहीद सुखदेव की जन्म स्थली के सौंदर्यकर्ण कार्य में देरी के विरोध में पिछले 6 दिनों से चल रही क्रमवार भूख हड़ताल का दबाव सोमवर को नगर निगम अधिकारियो के चेहरों पर साफ दिखाई दिया। नगर निगम के एटीपी मोहन सिंह के नेतृत्व में नगर निगम के एस सी तीर्थ बांसल, एक्सियन हरकमल सिंह, जे. ई तजिन्द्र सिंह मिंटू, संबधित कानूगो, पटवारी सहित बीएंडआर विभाग के अधिकारियो ने भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में जन्म स्थली के आस-पास के क्षेत्र में वर्षो पुराने अवैध कब्जे तोडक़र तेजी से कार्य निपटाने की कवायद शुरु की। वहीं पुरातत्व विभाग भारत सरकार के प्रतिनिधियो ने भी



शहीद की जन्म स्थली के अंदरुनी भाग की रिपेयर शुरु कर दी। इससे पूर्व शहीद के वंशज अशोक थापर, वीपन थापर, अनील ग्रोवर, रोशन शर्मा, अजय जिंदल ने शहीद सुखदेव थापर के चरणों की धूल को माथे पर लगाकर छठे दिन की भूख हड़ताल आरम्भ की। शिव सेना बालठाकरे के प्रदेश प्रवक्ता चंद्रकांत चड्ढा ने शहीद सुखदेव थापर जी की तरफ से स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि शहीद सुखदेव जी की कुर्बानी के 75 वर्ष बाद भी उनकी जन्म स्थली की दुर्दशा देख कर शहीद की आत्मा को शांति नहीं मिलेगी।

देश व राज्य पर सतासीन लोगो ने वोट बैंक की खातिर जनता को बांटने के साथ शहीदों के साथ भी जातिगत आधारित राजनितिक खेल खेल कर घोर अपराध किया है। इस अवसर पर प्रमोद थापर , आशीष बोनी, विजय वलिया, राजिंदर कुमार, हरीश ग्रोवर, पाली सहजपाल, महिंदर पाल, त्रिभूवन थापर अमरजीत सिंह भट्टी, अमर टक्कर, पंडित नरेश भारद्वाज, गौतम सूद, कुणाल सूद, रमेश कुमार शर्मा, सुनील शिंगार, मुनीश माग्गो उपस्थित रहे।

## जन्मदिन मुबारक



दीपक कालरा



आदित्य कोरपाल

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
belfrance
bakers & chocolatiers
0161-4612000, 4633305
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

# सीएम के दौरे के मद्देनजर लुधियाना में तैयारियां जोरों पर




लुधियाना/यूटर्न/9 मई। मुख्यमंत्री मंगलवार 10 मई को महानगर में आने वाले हैं। फिरोजपुर रोड स्थित एक रिसोर्ट में उनके प्रोग्राम की तैयारियों का जायजा लेने पंजाब के शिक्षा मंत्री मीत हेयर पुलिस-प्रशासन अधिकारियों के साथ पहुंचे। *-फोटोः विशाल ढल्ल*

## एचडीएफसी ने लॉन्च किया 'एक्सप्रेस कार लोन'

नई दिल्ली / यूटर्नः भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने 'एक्सप्रेस कार लोन' लॉन्च किया है। मौजूदा ग्राहकों के साथ-साथ गैर-ग्राहकों के लिए एंड-टू-एंड डिजिटल नई कार लोन यात्रा का शुरू किया। बैंक ने देश भर के ऑटोमोबाइल डीलरों के साथ अपने ऋण आवेदन को एकीकृत किया है। इस उद्योग की पहली सुविधा से देश में कार वित्तपोषण के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद है। एचडीएफसी बैंक ने कार खरीदारों के लिए एक व्यापक, तेज, अधिक सुविधाजनक और समावेशी डिजिटल यात्रा तैयार की है। यह कार खरीद प्रक्रिया को सरल बनाने और अर्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश भर में कार बिक्री को बढ़ावा देने में मदद करेगा। एचडीएफसी बैंक कंट्री हेड रिटेल एसेट्स अरविंद कपिल ने कहा कि एचडीएफसी बैंक डिजिटल नवाचारों में अग्रणी रहा है। अब हम मौजूदा और




साथ ही नए ग्राहकों के लिए एंड-टू-एंड डिजिटल कार लोन सॉल्यूशन लॉन्च करके कदम बढ़ा रहे हैं। एचडीएफसी बैंक द्वारा एक्सप्रेस कार लोन, ऑटोमोटिव लेंडिंग यात्रा को परिभाषित करने वाला एक उद्योग होगा। यह हमारी सभी शाखाओं, डीलरशिप और अंततः तीसरे पक्ष के एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि ऑटोमोटिव इकोसिस्टम विकसित हो गया है, फिर भी ग्राहकों के अनुभव को बदलकर ग्राहकों के लिए मूल्य अनलॉक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। शुरुआत करने के लिए एचडीएफसी बैंक इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए 20 प्रतिशत से 30 प्रतिशत ग्राहकों (20 लाख तक के ऋण के लिए) की परिकल्पना करता है। यह सुविधा वर्तमान में चार पहिया वाहनों के लिए दी जा रही है और इसे धीरे-धीरे दोपहिया ऋण के लिए शुरू किया जाएगा। भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग प्रति वर्ष 35 मिलियन नई वाहन इकाइयों की बिक्री के साथ अगले 5-7 वर्षों में दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा बनने की ओर अग्रसर है। लगभग एक दशक में, इसका परिणाम 350 मिलियन से अधिक 4-पहिया और 250 मिलियन से अधिक 2-पहिया वाहनों के सड़क पर आने का अनुमान है। एचडीएफसी बैंक लगातार नवोन्मेष कर रहा है और खुदरा ऋण देने के क्षेत्र में कई उद्योग प्रथम हैं, जैसे कि 10 सेकंड का व्यक्तिगत ऋण, और प्रतिभूतियों/म्यूचुअल फंडों पर डिजिटल ऋण, और अन्य।

## डॉलर के मुकाबले सबसे निचले स्तर पर भारतीय मुद्रा, और बढ़ सकती है महंगाई

नई दिल्ली / यूटर्नः भारतीय मुद्रा में अब तक की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को डॉलर के मुकाबले यह अब तक के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अमेरिकी मुद्रा में मजबूती के चलते रुपये में भारी गिरावट आई है। शुरुआती कारोबार में रुपया 52 पैसे की गिरावट के साथ 77.42 के स्तर पर आ गया। बड़ी गिरावट के साथ खुलने के बाद अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कुछ ही देर में डॉलर के मुकाबले 77.17 पर खुला और कुछ ही देर में 77.42 पर आ गया। यह रुपये के पिछले बंद भाव के मुकाबले 52 पैसे की गिरावट है। यहां बता दें कि बीते सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार का भारतीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 55 पैसे टूटकर 76.90 पर बंद हुई थी। इस बीच शेयर बाजार का बेंचमार्क इंडेक्स एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स 1.06 फीसदी और



बीएसई सेंसेक्स 1.09 फीसदी नीचे था। बता दें कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी लगातार कम होता जा रहा है, यह घटकर पहली बार 600 अरब डॉलर से नीचे पहुंच गया है। लगातार आठ हफ्ते से इसमें गिरावट दर्ज की जा रही है। बीती 29 अप्रैल को समाप्त हुए सप्ताह में फॉरेक्स रिजर्व 2.695 अरब डॉलर घटकर 597.73 अरब डॉलर रह गया है। इससे पहले 22 अप्रैल को खत्म हुए सप्ताह में 3.271 अरब डॉलर की कमी के साथ विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 600.423 अरब डॉलर पर आ गया था। यहां आपको बता दें कि रुपये में गिरावट का सबसे ज्यादा बुरा असर उन क्षेत्रों पर होगा, जहां आयात किया जाता है। कच्चे तेल की बात करें तो अपनी जरूरत का 80 फीसदी कच्चा तेल भारत आयात करता है। ऐसे में रुपये की गिरावट से कच्चे तेल के आयात बिल में बढ़ोतरी होगी और विदेशी मुद्रा ज्यादा खर्च होगी।

## हाइब्रिड वाहनों पर कर कम होने से बढ़ेगी इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता : होंडा

नई दिल्ली / यूटर्नः हाइब्रिड वाहनों पर कर की दरों को कम कर देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की स्वीकार्यता को तेजी से बढ़ाया जा सकता है। होंडा कार्स इंडिया लि. (एचसीआईएल) के उपाध्यक्ष (विपणन एवं बिक्री) कुणाल बहल ने यह राय जताई है। बहल ने कहा कि हाइब्रिड प्रौद्योगिकी वर्तमान में भारतीय परिस्थितियों के लिए सबसे उपयुक्त है, क्योंकि यह बाहरी चार्जिंग ढांचे पर निर्भर नहीं है। देश में हाइब्रिड वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सहित कुल कर का बोझ 43 प्रतिशत बैठता है। वहीं बैटरी वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर पांच प्रतिशत कर लगता है। बहल ने पीटीआई-से कहा, ''करों में एक बड़ा अंतर है। ऐसे में यदि सरकार हमें समर्थन देते हुए हाइब्रिड वाहनों पर कर कम करती है, तो यह एक स्वागतयोग्य कदम होगा। हम सरकार से ऐसा करने का अनुरोध करते हैं। उन्होंने कहा, हमें विश्वास है कि अगर वे (सरकार) इसे कम कर सकते हैं, तो इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ेगी। बहल ने कहा कि हाइब्रिड वाहन पूर्ण रूप से बिजलीचालित वाहनों की ओर बदलाव में मदद कर सकते हैं। साथ ही इनसे वाहनों से उत्सर्जन और जीवाश्म ईंधन की खपत को कम करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, सरकार उत्सर्जन के स्तर को कम करना चाहती है, हम वास्तव में इसका सम्मान करते हैं। साथ ही वे ईंधन की खपत को भी कम करना चाहते हैं। इन दोनों लक्ष्यों को हाइब्रिड वाहनों से हासिल किया जा सकता है।

## गेहूं की फसल पर मौसम की मार

जालंधर / यूटर्नः मौसम की मार इस बार गेहूं की फसल पर पड़ी है। एडवांस में गर्मी पड़ने के कारण दाना सिकुड़ने से प्रति एकड़ झाड़ में कम से कम पांच क्विंटल का अंतर आया है। पिछले साल 133.28 लाख मीट्रिक से ज्यादा गेहूं का भंडारण करने वाले पंजाब की मंडियों में अब सीजन की समाप्ति की तरफ है और अभी तक भंडारण सिर्फ 101 लाख मीट्रिक टन के करीब ही हो पाया है। पिछले साल की अपेक्षा यह 32.28 लाख मीट्रिक टन के करीब कम है। इस बार मौसम की मार के कारण गेहूं का उत्पादन कम हुआ है। मंडियों में गेहूं की आवक कम होने और खरीददारी गिरने के कारण इस सीजन में 7200 करोड़ रुपए का वित्तीय नुकसान होने की आशंका है।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने नई कुशाक मोंटे कार्लो को लॉन्च किया

चंडीगढ़ / यूटर्नः लुधियाना, 09 मई। चाहे आप लक्जरी के बारे में सोचें, अच्छी जिंदगी के बारे में सोचें, खूबसूरती के बारे में सोचें, मोटरस्पोर्ट्स के बारे में सोचें तो आपको यूरोप के मोनाको मेंमोंटे कॉर्लो के बारे में सोचना ही पड़ेगा। आज से करीब एक सदी से ज्यादा समय पहले पहले मोंटे कार्लो ने ग्लैमर और खूबसूरती की दुनिया में कदम रखा था। चेक गणराज्य की कार निर्माता कंपनी ने मोटरस्पोर्ट्स में अपनी मौजूदगी सफलता से दर्ज कराई है। इस लंबी अवधि में मशहूर मोंटे कार्लो रैली में कंपनी के बनाए वाहनों ने कई जीत दर्ज की है। 1912 में रैली क्लासिक के सेकेंड रन में लॉरिन एंड क्लीमेंट के वाहनों को प्रवेश दिया गया था। 1936 के प्रतिष्ठापूर्ण और




लोकप्रिय मुकाबले में विंग्ड ऐरो के साथ कंपनी के नए मॉडल की कार को पहली बार शामिल किया गया था। 1.5 लीटर से कम इंजन की श्रेणी में यह लोकप्रिय स्पोर्ट्स कार प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही थी। जब से स्कोडा ऑटो ने मोंटे कार्लो संस्करण की अपनी कारों को लॉन्च किया है, तब से कंपनी ऐतिहासिक 'क्वीन ऑफ रैलीज' और वर्ल्ड रैली चैंपियनशिप में अपनी सफलता का जश्न मना रही है।

### श्रीलंका की मदद को आगे आया बांग्लादेश

## 20 करोड़ डॉलर की करेंसी स्वैप सुविधा एक साल के लिए बढ़ाई

नई दिल्ली / यूटर्नः श्रीलंका इन दिनों इतिहास के सबसे बड़े आर्थिक संकट से जूझ रहा है। विश्व बैंक समेत ही भारत और दूसरे देश आर्थिक बदहाल देश की मदद को आगे आ रहे हैं। इस क्रम में बांग्लादेश ने भी मदद का हाथ आगे बढ़ाया है और श्रीलंका को दी गई 20 करोड़ डॉलर की करेंसी स्वैप (मुद्रा अदला-बदली) सुविधा को आगे बढ़ा दिया है।

**मई 2021 में दी गई थी सुविधा**

एक रिपोर्ट के मुताबिक, नकदी की भारी कमी से जूझ रहे श्रीलंका को दिए गए 20 करोड़ डॉलर (1 हजार 500 करोड़ रुपये) की करेंसी स्वैप सुविधा को एक और वर्ष के लिए बढ़ा दिया है, ताकि द्वीप-राष्ट्र के घटते विदेशी भंडार को बढ़ावा दिया जा सके। गौरतलब है कि बांग्लादेश ने मई 2021 में श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए यह सुविधा दी थी। ऐसा करने वाला बांग्लादेश पहला दक्षिण एशियाई देश बन गया।

**रविवार को किया गया फैसला**

रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश की सेंट्रल बैंक के निदेशकों ने रविवार को इस फैसले पर अपनी



मुहर लगाई थी। बैंक के प्रवक्ता सेराजुल इस्लाम की ओर से इस संबंध में जारी किए गए बयान में कहा गया कि श्रीलंका को दिए गए ऋण को लेकर यथास्थिति बरकरार रखी गई है और करेंसी स्वैप की सुविधा को एक वर्ष के लिए विस्तारित किया गया है।

**कई बार बढ़ाई गई समय-सीमा**

यहां बता दें कि श्रीलंका को यह ऋण दिए जाने के तीन महीने के भीतर चुकाना था, लेकिन श्रीलंका के अनुरोध पर इस अवधि को कई बार बढ़ाया गया था, क्योंकि देश का आर्थिक संकट गहराना शुरू हो गया था। अब जबकि, देश के हालात बेहद खराब हो चुके हैं तो एक बार फिर से इस समयसीमा को बढ़ाने का फैसला किया गया है। यहां बता दें कि श्रीलंका में दो दिन पहले ही एक बार फिर से आपातकाल लगाया गया था।

**चीन समेत कई देशों का कर्ज**

गौरतलब है कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खत्म होने के चलते श्रीलंका में आर्थिक संकट गहराया है। देश जरूरी सामानों का आयात करने में भी सक्षम नहीं है। देश में ईंधन खत्म हो चुका है, बिजली कटौती चरम पर है। इस सबके बीच फॉरेक्स रिजर्व की बात करें तो जून 2019 के 8,864 मिलियन डॉलर की तुलना में कम होकर जनवरी 2022 में 2,361 मिलियन डॉलर पर पहुंच गया था। यहां बता दें कि श्रीलंका पर 51 अरब डॉलर (3 लाख 82 हजार करोड़ रुपये) का भारी भरकम कर्ज है। इसमें सबसे ज्यादा कर्ज चीन का है।

**हाय गर्मी...**



लुधियाना/यूटर्न/9 मई। मौसम ने दिखाए तल्ख तेवर लगातार बढ़ रही गर्मी ने सोमवार को भी दिखाए तेवर। पीएयू के गर्ल्स हॉस्टल में दोपहर के वक्त धूप तेज होने के कारण छाता लगाकर लौटती स्टूडेंट्स। *-फोटो: विशाल ढल्ल*

# प्ले ब्वॉय स्प्रिंग ब्लॉसम ने मदर्स डे मॉम ए वॉकिंग मिरेकल का आयोजन किया

लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। इस ब्रह्मांड में एक माँ के समान शक्तिशाली कोई नहीं हो सकता और एक माँ की अथाह शक्ति का जश्न मनाने के लिए, प्ले बाय स्प्रिंग ब्लॉसम, लुधियाना ने मातृत्व और उसके सार का सम्मान करने के लिए यह विशेष दिन मनाया। मदर्स डे समारोह मॉम ए वॉकिंग मिरेकल का आयोजन 9 मई 2022 को स्कूल परिसर में किया गया। मम्मियों ने रोमांचक खेलों और समारोहों से भरपूर दोपहर का आनंद लिया था। पूरे स्कूल परिसर को शानदार ढंग से सजाया गया। इस खूबसूरती से सजाए गए माहौल और जीवंत और रंगीन समारोह ने सभी को प्रभावित किया। अनुपमा मेहरा, प्रिंसिपल प्ले बाय स्प्रिंग ब्लॉसम, अमृतसर ने माताओं को उनके विशेष दिन पर गर्मजोशी और स्नेह भरा स्वागत दिया। माताओं ने अलग-अलग स्टाल में मजेदार खेलों और मनोरंजक का आनंद लिया। माताओं को pamper करने के लिए और उन्हें कुछ आवश्यक मी-टाइम प्रदान करने के लिए, विशेष रूप से उनके लिए एक आरामदायक 'Foot Massage Session' व्यवस्था की गई। उत्साहपूर्वक माताओं को अपनी रचनात्मकता को उजागर करने और उत्कृष्ट शिल्प वस्तुओं को बनाने के लिए अपनी कल्पना का उपयोग करने का भी अवसर दिया गया।



# श्री आत्म वल्लभ जैन कॉलेज में एलुमिनाईस एवं कालेज के विद्यार्थियों के मध्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। श्री आत्म वल्लभ जैन कॉलेज, लुधियाना के एलुमिनाईस एसोसिएशन एवं स्पोर्ट्स कमेटी दवारा इटंरनल क्वालिटी एशोरंयस सेलके मार्ग दर्शन तहत " एलुमिनाईस एवं कालेज के विद्यार्थियों के मध्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। पूर्व छात्रों और वर्तमान छात्रों फिर से जोड़ने और बीते दिनों को याद करने के लिए टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यह टूर्नामेंट 5 मई से 8 मई,2022 तक आयोजित किया गया। एलुमिनाई छात्रों की 3 टीमें थीं और कालेज के छात्रों की 8 टीमें थी जिनमें से एलुमिनाई छात्रों एवं कालेज के छात्रों में से एक- एक टीम फाइनल में पहुंचीं। दोनों टीमों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन एलुमिनाई छात्रों की टीम विजयी रही जिसके कैप्टन परविंदर सिंह सहोता थे। एक लंबे रोमांचक दिन के बाद आखिरकार कार्यक्रम का समापन हुआ। विजेता और उपविजेता टीमों को योग्य प्रमाण पत्र और पदक से सम्मानित किया। यह एक खुशी का समय था। कॉलेज मैनेजिंग समिति के प्रधान श्री कोमल जैन (डयूक), मैनेजिंग कमेटी के अन्य सदस्यों एवं प्रिंसिपल डॉ. संदीप कुमार ने विजेता टीम को मुबारकबाद दी और आयोजित प्रोग्रामों में भाग लेने के लिए छात्रों को प्रेरित किया और कहा कि इस तरह के प्रोग्रामों में भाग लेकर पूर्व विद्यार्थी अपने कालेज से जुड़े रह सकते हैं। उन्होंने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। एलुमिनाई छात्रों ने अपने कार्य अनुभव को अपने जूनियर्स के साथ सांझा किया। एलुमिनाई छात्रों ने कॉलेज द्वारा किए गए प्रयासों की बहुत सराहना की कौर कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट के जरिए वे अपने छात्र जीवन को फिर याद कर सकें।




# सीटी यूनिवर्सिटी ने 'साइबर क्राइम' के बारे में जागरूक करने के वर्कशाप का किया आयोजन

लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। सीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की तरफ से विशेष रूप से पुणे के साइबर कानून विशेषज्ञ दत्तात्रे भगवान ढेंजे के द्वारा 'साइबर अपराध जागरूकता और इंटरनेट पर सामाजिक गतिविधियों को सुरक्षित करने के तरीके' पर एक वर्कशाप का आयोजन किया गया। अधिवक्ता दत्तात्रे भगवान ढेंजे पिछले 7 वर्षों से इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं और महाराष्ट्र के विभिन्न पुलिस थानों में साइबर अपराध की जांच में सहायता कर रहे हैं।

उन्होंने साइबर सुरक्षा तकनीकों, इंटरनेट बैंकिंग की सुरक्षा, वॉलेट के उपयोग और बाजार में प्रचलित साइबर अपराधों के बारे में जानकारी साझा की और कई अन्य पहलुओं पर भी चर्चा की। इतना ही नहीं, उन्होंने एक असल वेबसाइट के जरिए भी लाइव दिखाया कि कैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर पर्सनल अकाउंट्स को सुरक्षित रखा जाए। सीटी यूनिवर्सिटी की प्रो. डॉ. जसप्रीत कौर और मनदीप कौर द्वारा आयोजित इस वर्कशॉप का मकसद छात्रों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करना था। सीटी यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरमैन हरप्रीत सिंह और वाइस चांसलर डॉ. हर्ष सदावर्ती ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं छात्रों को सामाजिक बेहतरी की ओर ले जाती हैं और उन्हें जागरूक करती हैं। डॉ. सदाव्रती ने कहा, छात्र समाज का भविष्य होते हैं और सुरक्षित समाज का निर्माण उन्हीं के हाथ में होता है। उन्हें सही जानकारी होनी चाहिए। ऐसी शैक्षिक वर्कशॉप उनके लिए उपयोगी होती हैं।




# वेस्पा ने भारत की कंटेम्पररी मांओं के साथ मनाया मदर्स डे



लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। इस साल मदर्स डे के मौके पर, इटली के पियाजियो समूह की 100% सहायक कंपनी पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड और प्रतीकात्मक दोपहिया निर्माता कपंनी वेस्पा और एप्रिलिया ने भारत के विभिन्न हिस्सों की उन कंटेम्पररी माताओं के लिये मदर्स डे मनाया। जिन्होंने अपने जीवन के अलग-अलग पड़ाव पर एक मां की तरह भूमिका निभाई। इस विश्वास के साथ कि मातृत्व की भावना अपने बच्चे के साथ एक मां की रूढ़िवादी काव्यात्मक छवि से परे होती है, वेस्पा का दृढ़ विश्वास है कि मातृत्व का अवतार लिंग, उम्र या रूपों से परे है। उनकी कहानियों का सम्मान करने और उन्हें साकार करने में सक्षम करने के लिये, वेस्पा ने दो ऐसी अनोखी मांओं के साथ साझीदारी की, जिन्होंने मातृत्व की अपनी परिभाषा से कई लोगों को प्रेरित किया है।

# लुधियाना में आया डांस कोरियोग्राफर





लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। गौतम शर्मा की तरफ से लेटिन म्यूजिक पर हीट अप द पूल पार्टी की गई। इस एक्वा जुंबा सेशन में हर किसी ने पानी में फिटनेस वर्कआउट किया। इस दौरान सभी मेंबर्स ने खूब एंजॉय किया मस्ती की, क्योंकि पानी में फिटनेस वर्कआउट काफी मजेदार एक्सपीरियंस रहा। लाउड म्यूजिक के साथ इस पार्टी का मजा और बढ़ गया। हर कोई पानी में फन के साथ फिटनेस एक्टिविटी कर मस्ती के मूड में नजर आया।

# मां का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर: शालू गुप्ता



लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। राष्ट्रीय महिला जागृति मंच द्वारा मदर डे मनाया गया जिसका आयोजन सोनिया और अदिति द्वारा किया गया जिसमें पंचकुला की प्रधान और जानी मानी ऐक्टर एवं समाज सेविका शालू गुप्ता को सम्मानित किया। शालू ने मदर डे पर बताया कि संस्कृत का एक प्रसिद्ध श्लोक का अंतिम भाग है - जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।

जिसका मतलब है माता और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर है। माँ का स्थान कोई नहीं ले सकता एक माँ ही है जिसके मुँह से हमेशा अपने बच्चों के लिए आशिशें और दुआएँ ही निकलती है और हम सबको उनका आदर और सत्कार करना चाहिये और उनको सिर्फ़ एक दिन नहीं बल्कि हर दिन हमेशा भरपूर प्यार देना चाहिये।

# नोबेल फाउंडेशन ने सुभाष नगर ब्रांच में मातृ दिवस मनाया

## नोबेल फाउंडेशन की जरूरतमंद बच्चों के लिए 34 शाखाएं

लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। किसी इंसान की तकदीर में कभी भी कोई गम नहीं होता, अगर तकदीर लिखने का हक मां को होता। यह बात नोबेल फाउंडेशन के प्रमुख राजेंद्र शर्मा ने मातृ-दिवस के अवसर पर कही। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए 34 शाखाओं में पंजाब के हर कोने में स्कूल चला कर एक मां की तरह शिक्षा की छाया दे रही है। नोबेल फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही सुभाष नगर ब्रांच जोकि माता सत्य रानी धर्मशाला में मातृ दिवस मनाया गया। इसी ब्रांच के विद्यार्थियों श्रद्धा, प्रीति, पूजा, मुस्कान, सपना, कमलजीत, मन सोहन, सूर्य प्रकाश, किशन, खुशी, अभिषेक, आकाश और तौसीफ़ ने मातृ दिवस पर अपनी माताओं के प्रति प्रेम और आदर को प्रकट करते हुए तथा अपने भावनाओं को बताने के लिए मंच पर कविताओं निबंधों और नृत्य द्वारा सब आए हुए अतिथियों तथा अपनी माताओं का मन मोह लिया। इसी ब्रांच के एक विद्यार्थी सोमनाथ द्वारा अपनी माता को याद करते हुए जो कि इस दुनिया में नहीं है एक भावुक गीत पेश किया गया जिसको सुनकर आए हुए सभी अतिथि गण की आंखों से अश्रु बहने लगे। प्रोग्राम में रश्मि शर्मा फाइनेंस कंट्रोलर नोबेल फाउंडेशन, सोनिया शर्मा, लकी पसरिचा अथवा वंदना पसरिचा शामिल हुए। नोबेल फाउंडेशन का धन्यवाद करते हुए सीमा जी एक विद्यार्थी के माताजी ने कहा कि उन्होंने अपने बच्चों के साथ लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन क्लास के माध्यम से घर बैठकर प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने कहा कि आज मैं भी एक पढ़ी-लिखी मां हूं जिसका श्रेय नोबेल फाउंडेशन को जाता है। इस अवसर पर सुभाष नगर ब्रांच की अध्यापिकाएं गुरप्रीत कौर कल्पना रानी, अमनदीप कौर और शैली, मीनू धीर उपस्थित रहे। मीनाक्षी शर्मा कोऑर्डिनेटर नोबेल फाउंडेशन ने कहां की माता का स्थान सबसे सर्वश्रेष्ठ है बच्चों को मां का सम्मान करना चाहिए।



# बायर-सेलर मीट के दौरान देश भर से हुई विजिटरों की आमद


✔ होटल पार्क प्लाजा में सुनैना निटवेयर के पंकज भारती विजिटरों को कलेक्शन दर्शाते हुए।


✔ काइजा इंटरनेशनल के सुनील कपूर व मनीत कपूर विजिटरों को जानकारी देते हुए।


✔ केमार्क व किट्टी क्लाशिक शॉल के पमित अग्रवाल बतरा के पवन बतरा, सनी बतरा व रघु बतरा को कलेक्शन दर्शाते हुए।


✔ डोवल निटवेयर्स के के जतिंदर सेठी व वरुन सेठी विजिटरों को कलेक्शन दर्शाते हुए।


✔ केसन निटवेयर के मनोज खन्ना, विनय खन्ना, रिषभ खन्ना, कुनाल खन्ना, निशांत खन्ना विजिटरों को उत्पादों की जानकारी देते हुए।


✔ अंबर निटिंग मिल्स के रवि मार्कन विजिटरों से रूबरू होते हुए।

# श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में 3 दिवसीय गीता प्रवचन कथा का शुभारंभ

लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। लुधियाना के श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में 3 दिवसीय गीता प्रवचन कथा का आयोजन प. राज कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें विशेष रूप से श्री धाम वृंदावन से श्री मनमाधव गोडेश्वर वैष्णवाचार्य श्री पुंडरीक गोस्वामी जी महाराज पधारे। प.राज कुमार शर्मा जी ने पुष्पमाला डालकर उनका स्वागत किया। पहले दिन कथा करते हुए श्री महाराज जी ने कहा कि हर जीव को हर कर्म को धर्म मे बदल कर ही जीवन जीना चाहिए। हम सब के पास खेत तो है उस मे खेती धर्म की ही करनी चाहिए। अपने हर कर्म को धर्म हम किस तरह बना सकते है। जब कोई ग्रहणी रसोई में खाना बनाती है उसे पहली चपाती गऊ माता के लिए निकालनी चाहिए। भोजन बनाते समय उसे उस भोजन को भगवान को भोग लगाकर खाना चाहिए।



इस तरह हमारा किया हुआ कर्म धर्म बन जायेगा। हम सब के पास कर्म का खेत तो है उस मे खेती जो हम करेंगे वही हम सब को मिलेगा।फिर महाराज जी ने बताया कि जब द्रोपदी का चीर हरण हो रहा था, सब मुंह छुपाए पांडव बैठे थे।

# पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोला ने वर्षा जल के निस्तारण के लिए पंपिंग सिस्टम का किया उद्घाटन

लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। विधायक एस. दलजीत सिंह ग्रेवाल (भोला) ने सोमवार को एक पंपिंग स्टेशन परियोजना का उद्घाटन किया, जिसकी लागत लगभग रु. विधायक भोला ने कहा कि बारिश के पानी की निकासी के लिए करीब एक करोड़ रुपये की लागत से एक पंपिंग स्टेशन बनाया गया है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए विधायक भोला ने कहा कि जमालपुर और सेक्टर-32, चंडीगढ़ रोड से बारिश का सारा पानी इकट्ठा होने से क्षेत्र के लोग बारिश के पानी की समस्या का सामना कर रहे हैं और यह लोगों के घरों में बह जाता है। निवासियों के वाहन टूट जाते हैं, बच्चों को स्कूल से आने-जाने में कठिनाई होती है, और हालात इतने खराब हो जाते हैं कि लोग बदबू के कारण नारकीय जीवन व्यतीत करते हैं। विधायक



दलजीत सिंह ग्रेवाल (भोला) ने भी क्षेत्र के निवासियों को निर्वाचन क्षेत्र में सेवा का अवसर देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और क्षेत्र के सभी विकास कार्यों को एक-एक करके पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की तर्ज पर मोहल्ला क्लीनिक भी यहां स्थापित किए जाएंगे जहां मरीजों को मुफ्त दवाएं और इलाज मुहैया कराया जाएगा।

### मामला निहंग द्वारा माँ दुर्गा माता पर अभद्र भाषा के प्रयोग करने का

# शिवसेना बाल ठाकरे के नेतृत्व में शिवसैनिकों का पुलिस कमिश्नर से सवाल आखिर कब गिरफ्तार होगा आरोपी निहंग?

लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। गत 29 अप्रैल को पटियाला में हुई हिंसक झड़प के दौरान एक निहंग द्वारा हिंदुओं की आराध्य माँ भगवती, श्री दुर्गा माता जी व् श्री कालका माता जी के बारे अभद्र भाषा करने के मामले में आरोपी निहंग की गिरफ्तारी न होने पर हिन्दू समाज में रोष बढ़ता जा रहा है। उक्त मामले को लेकर शिवसेना बाला साहेब ठाकरे के ट्रांसपोर्ट सेल प्रमुख मनोज टिंकू,सरपरस्त अमर टक्कर, प्रवक्ता चन्द्रकान्त चड्ढा, युवा सेना के महासचिव गौतम सूद, उपाध्यक्ष विपुल कुमार, जिला प्रधान कुणाल सूद व् जाग्रति सेना के वाइस चेयरमैन जगदीश रिंकू के नेतृत्व में हिन्दू समाज का



एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पुलिस कमिश्नर आईपीएस अधिकारी कौस्तुभ शर्मा से भेंट करने पहुँचा। प्रतिनिधिमंडल द्वारा उक्त मामले के आरोपी निहंग की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा को एक अंतरिम अल्टीमेटम पत्र भी सौंपा गया। पुलिस कमिश्नर को सौंपे पत्र की जानकारी देते हुए शिवसेना के मनोज टिंकू, चन्द्रकान्त चड्ढा, अमर टक्कर व् गौतम सूद ने बताया कि हिन्दू समाज की आस्था के केंद्र माँ भगवती का अपमान हिन्दू समाज किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। जगदीश रिंकू, विपुल कुमार व् कुणाल सूद ने उक्त मामले में नामजद निहंग की गिरफ्तारी न होने के रोष स्वरूप बताया कि पंजाब सरकार व् पुलिस प्रशासन द्वारा हिन्दू समाज के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है जिसका प्रमाण सरेआम वीडियो डालकर हिन्दू समाज के आराध्य माँ भगवती पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने के मामले में मुकदमा दर्ज होने के 10 दिन बीते जाने पर भी आरोपी निहंग की गिरफ्तारी न होना दे रहा है।

# टीम आशु के सिपहसालार द्वारा अनदेखी के आरोपों ने खोली कांग्रेस की पोल

लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। चुनावों के हार के बाद भी पंजाब कांग्रेस की आंतरिक फूट थम नहीं रही है। सीनियर कांग्रेसी नेताओं द्वारा एक दूसरे पर आरोप के बाद अब युवा कांग्रेसियों ने भी इस प्रथा को अपन लिया है। इसी श्रंखला हलका वैस्ट यूथ कांग्रेस प्रधान चेरी अहलूवालिया द्वारा कांग्रेस लीडरशिप पर अनदेखी का आरोप लगा पार्टी से स्तीफा देना बड़े सवाल खड़े कर रहा है। गौरतलब है कि चेरी युवा कांग्रेस के साथ-साथ पंजाब के सबसे शक्तिशाली पूर्व मंत्री व एक्टिंग प्रधान टीम आशु का महत्वपूर्ण भाग रहे हैं। मॉडल टाउन बिड कैंसल जैसे कठिन मामले में



चुनाव के दौरान मंत्री आशु के हक में समर्थन देने वाले सीनियर कांग्रेसी नेता केके बावा ने पूर्व मंत्री आशु को एक्टिंग प्रधान बनाए जाने पर ऐतराज जताते हुए कहा था कि प्रधान के होते हुए एक्टिंग प्रधान की क्या जरूरत।

बीजेपी द्वारा इंप्रूवमेंट ट्रस्ट दरवाजे पर ताला लगाने के विरोध के दौरान यूथ कांग्रेस शहरी के प्रधान योगेश हांडा के साथ डटकर खड़े होने वालों में से रहे या फिर बीजेपी दफ्तर के बाहर। यूथ कांग्रेस द्वारा किये जाने वाले प्रदर्शन हर समय आगे रहने वालों में से थे। लेकिन उनके स्तीफे ने जहां एक बार फिर कांग्रेस की आंतरिक फूट व वर्करों की अनदेखी को सामने लाकर खड़ा कर दिया है वहीं यूथ प्रधान योगेश हांडा भी अपने साथी के इस कदम पर टिप्पणी करते हुए कहा सत्ता सुख लेने के लिए कई नेता पार्टी बदल रहे हैं जिसका पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ता। हालांकि चेरी ने योगेश हांडा की टिप्पणी पर उन्हें बड़ा भाई बताया। उन्होंने कांग्रेस में राजनीतिक रोटियां सेंकने वाले लोगों पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि वे पार्टी में अपनी कार्यशैली को प्रमाणित करें।

# आस- एहसास एनजीओ ने महिलाओं को स्किल्ड करके मनाया वर्ल्ड मदर्स डे





लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। महिलाओं व बच्चों के विकास के लिए हमेशा कार्यरत रहने वाले एनजीओ आस-एहसास ने जस्सियाँ स्लम की माताओं के साथ मदर्स डे सेलिब्रेट किया। इस दौरान एनजीओ के मेंबर्स द्वारा महिलाओं को स्किल्ड और आत्म- निर्भर बनाने के लिए सिलाई के टिप्स दिए गए ताकि वे अपनी रोज़ी-रोटी के लिए कपड़े आदि की सिलाई करके अपने परिवार की मदद कर सकें। इस प्रोग्राम में आस-एहसास से भावना गुप्ता, यंग वालंटियर दिव्या शर्मा और दीपिका शर्मा। इस दौरान आस- एहसास की प्रेजिडेंट रुचि बावा ने कहा कि मदर्स डे मनाने का असल फायदा तभी होगा जब जरूरतमंद माताओं को आत्म- निर्भर बनाया जाएगा इसीलिये उनकी संस्था ने आज के दिन इस एक्टिविटी को किया ताकि महिलाएं कुछ सीखकर जीवन का स्तर ऊंचा कर सकें।

# मैजिकल वर्ल्ड स्कूल बीआरएस नगर में मुस्कुराहट के साथ मनाया मदर्स डे




लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। यह मई की एक मधुर सुबह थी जो मस्ती, उल्लास और आनंद से भरी थीएबीसी पर नौ बादल से परियों के रूप में इकट्ठी खूबसूरत मैजिकल वर्ल्ड स्कूल, लुधियाना बीआरएस नगर मुस्कान के साथ मदर्स डे मनाया। नन्हे मुन्नों ने अपनी माताओं का स्वागत कियाउनके रंग-बिरंगे परिधानों में दिल से। स्कूल व स्टाफ ने बधाई दीफूलों के साथ दिव्य महिलाएं। इस अद्भुत अवसर पर विद्यालयमें मोंटेसरी और उनकी माताओं के लिए एक पर्व पार्टी का आयोजन कियास्कूल परिसर। अपनी माताओं के साथ छोटे मोंटेसेरियनरॉकिंग संगीत पर नृत्य का आनंद लिया। आग के बिना खाना बनानाहाई के साथ हेल्दी स्नैक्स पर फोकस करने वाली प्रतियोगितापोषण मूल्य का आयोजन किया गया। माताओं ने प्रस्तुत कियास्वादिष्ट और लजीज व्यंजन जो मदहोश करने लायक थे औरस्वादिष्ट। 'ग्रीक योगर्ट फ्रूट पिज्जा' ने पहला पुरस्कार जीताऔर चॉकलेट बिस्किट केक, तरबूज क्रश, कैनपे भेलदूसरे पुरस्कार और ककड़ी सलाद और . के साथ दिल जीतासैंडविच ने तीसरा पुरस्कार जीता। कई अन्य आकर्षक और पौष्टिकफ्रोट मील, स्प्राउट सलाद, नारियल जैसे व्यंजनलड्डू, फ्रेश लेमन मोजिटो को खूब पसंद किया गया और इसकी सराहना की गईसभी के द्वारा। -फोटोः विशाल ढल्ल

## स्वास्थ्य

### मुंहासों से गाल पर पड़े गड्ढों को दूर करने के लिए आजमाएं ये घरेलू उपाय

हर महिला की चाहत होती है कि उसकी त्वचा गोरी, निखरी और बेदाग हो। लेकिन चेहरे पर मुंहासों के कारण जब चाहत पूरी नहीं हो पाती। जिन लोगों को ज्यादा समय से मुंहासों की समस्या होती है, उनके चेहरे पर गड्ढे आ जाते हैं। इसमें चेहरा खराब दिखने लगता है और इसे ठीक होने में भी काफी समय लगता है। इस परेशानी से छुटकारा पाने के लिए महिलाएं कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स और ट्रीटमेंट का सहारा लेती हैं। लेकिन हर किसी को इससे फायदा नहीं होता। आज के इस लेख में हम आपको मुहासों से गाल पर पड़े गड्ढों को ठीक करने के घरेलू तरीके बताने जा रहे हैं-

**आलू**



अगर मुंहासों के कारण गालों पर गड्ढे हो है हैं तो आलू का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें मौजूद गुण चेहरे के दाग धब्बों को दूर करके सुंदरता को निखारते हैं। इसके लिए एक आलू को टुकड़ों में काटकर मिक्सर में डालकर पीस लें। इसके बाद इसमें नारियल के तेल की दो से तीन बूंदें मिलाएं। फिर इसे चेहरे पर अप्लाई करें और मसाज करें। इससे चेहरे के गड्ढे दूर होंगे और रंग भी निखरेगी।


**खीरा**

अगर आपके चेहरे पर मुहांसों के कारण को गड्ढे हो गए हैं तो ठंडे खीरे की स्लाइस अपने चेहरे पर लगाएं। खीरे में मॉइस्चराइजिंग गुण पाए जाते हैं जिससे स्किन को नमी मिलती है और ओपन पोर्स की समस्या दूर होती है। आप चाहें तो खीरे का पेस्ट बनाकर या फिर आइस क्यूब बनाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।


**दही और बेसन**

त्वचा को खूबसूरत बनाने के लिए दही और बेसन का इस्तेमाल सदियों से होता चला आ रहा है। अगर आपके फेस पर घूमते हैं तो दही और बेसन का फेस पैक चेहरे पर दस मिनट तक लगाएं। इसके बाद गुनगुने पानी की मदद से साफ कर लें। इस फेस पैक के इस्तेमाल से आपकी त्वचा पर जमी गंदगी दूर होगी और फेस क्लीन होगा।

## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति







# महाराणा प्रताप जयंती : इस 'महान योद्धा' के जीवन से जुड़ी हैं बहुत सारी खास बातें

**जिन अस्त्र-शस्त्रों को लेकर चेतक पर सवार हो युद्ध करते थे, उनका वजन था 208 किलो**

लुधियाना / यूटर्न / 9 मई। राजस्थान के वीर सपूत, महान योद्धा और अदभुत शौर्य व साहस के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती आज यानी 9 मई 2022 को है। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई, 1540 को कुंभलगढ़ दुर्ग (पाली) में हुआ था। लेकिन राजस्थान में राजपूत समाज का एक बड़ा तबका उनका जन्मदिन हिन्दू तिथि के हिसाब से मनाता है। महाराणा प्रताप ने अपनी मां से ही युद्ध कौशल सीखा था। देश के इतिहास में दर्ज हल्दीघाटी का युद्ध आज भी पढ़ा जाता है। राजा महाराणा प्रताप और मुगल बादशाह अकबर के बीच लड़ा गया ये युद्ध बहुत ही विनाशकारी था। महाराणा प्रताप का जन्म महाराजा उदयसिंह एवं माता राणी जीवत कंवर के घर में हुआ था। उन्हें बचपन और युवावस्था में कीका नाम से भी पुकारा जाता था। ये नाम उन्हें भीलों से मिला था जिनकी संगत में उन्होंने शुरुआती दिन बिताए थे। भीलों की बोली में कीका का अर्थ बेटा होता है। महाराणा प्रताप के पास चेतक नाम का एक घोड़ा था, जो उन्हें सबसे प्रिय था। प्रताप की वीरता की कहानियों में चेतक का अपना स्थान है। उसकी फुर्ती, रफ्तार और बहादुरी की कई लड़ाइयां जीतने में अहम भूमिका रही। हल्दी-घाटी युद्ध में उसे भी गंभीर चोटें आई, जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गई। साल 1582 में दिवेर के युद्ध में राणा



प्रताप ने उन क्षेत्रों पर फिर से कब्जा जमा लिया था जो कभी मुगलों के हाथों गंवा दिए थे। कर्नल जेम्स टॉ ने मुगलों के साथ हुए इस युद्ध को मेवाड़ का मैराथन कहा था। 1585 तक लंबे संघर्ष के बाद वह मेवाड़ को मुक्त करने में सफल रहे। महाराणा प्रताप जब गद्दी पर बैठे थे, उस समय जितनी मेवाड़ भूमि पर उनका अधिकार था, पूर्ण रूप से उतनी भूमि अब उनके अधीन थी।

वैसे तो महाराणा प्रताप ने मुगलों से कई लड़ाइयां लड़ीं लेकिन सबसे ऐतिहासिक लड़ाई थी- हल्दीघाटी का युद्ध जिसमें उनका मानसिंह के नेतृत्व वाली अकबर की विशाल सेना से आमना-सामना हुआ। 1576 में हुए इस जबरदस्त युद्ध में करीब 20 हजार सैनिकों के साथ महाराणा प्रताप ने 80 हजार मुगल सैनिकों का सामना किया। यह मध्यकालीन भारतीय इतिहास का सबसे चर्चित युद्ध है। इस युद्ध में प्रताप का घोड़ा चेतक जख्मी हो गया था। इस युद्ध के बाद मेवाड़, चित्तौड़, गोगुंडा, कुंभलगढ़ और उदयपुर पर मुगलों का कब्जा हो गया था। अधिकांश राजपूत राजा मुगलों के अधीन हो गए लेकिन महाराणा ने कभी भी स्वाभिमान को नहीं छोड़ा। उन्होंने मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और कई सालों तक संघर्ष किया। 596 में शिकार खेलते समय उन्हें चोट लगी जिससे वह कभी उबर नहीं पाए। 19 जनवरी 1597 को सिर्फ 57 वर्ष आयु में चावड़ में उनका देहांत हो गया। महाराणा प्रताप के भाले का वजन कुल 81 किलो था, साथ ही उनके छाती का कवच 72 किलो का था। भाला, कवच, ढाल और दो तलवारों के साथ उनके अस्त्र और शस्त्रों का वजन 208 किलो था। हल्दीघाटी युद्ध के दौरान जब मुगल सेना महाराणा के पीछे पड़ी थी, तब चेतक ने राणा को अपनी पीठ पर बिठाकर, कई फीट लंबे नाले को छलांग लगाकर पार किया था। आज भी हल्दी घाटी में चेतक की समाधि बनी हुई है।

# पीरियड्स के दौरान होने वाली तकलीफ से बचने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

पीरियड्स का समय हर महिला के लिए किसी चैलेंज से कम नहीं होता है। पीरियड्स पेन, नैपकिन चेंज करने की टेंशन और मूड स्विंग्स यह सब सोचकर भी जी घबराने लगता है। ज्यादातर महिलाओं को पीरियड्स शुरू होने से पहले ही कुछ लक्षण महसूस होते हैं। पीरियड्स के दौरान होने वाले पेट दर्द, पैरों में दर्द, मूड स्विंग्स, ब्रेस्ट में सूजन और दर्द आदि को प्रीमेंसट्रूअल सिंड्रोम (पीएमएस) कहा जाता है। वैसे तो ये लक्षण आमतौर पर हर महिला को महसूस होते हैं, लेकिन कुछ महिलाओं को पीएमएस के कारण काफी परेशानी होती है। दरअसल, पीरियड्स के दौरान महिलाओं की बॉडी में प्रोजेस्टेरोन और एस्ट्रोजेन हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। इस वजह से महिलाओं में पीएमएस के लक्षण महसूस होते हैं। आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं जिनकी मदद से आप पीएमएस की समस्या से बच सकते हैं -



पीएमएस के दौरान आपको अपने खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। पीएमएस से बचने के लिए सुबह खाली पेट पांच भीगी किशमिश और चार भीगे बादाम खाएं। इससे आपको पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी। डॉक्टर्स पीरियड्स साइकिल में अलग-अलग समय पर अलग-अलग बीज खाने की सलाह देते हैं। जैसे पीरियड खत्म होने के बाद पहले 2 हफ्ते में रोजाना एक चम्मच अलसी के बीज और एक चम्मच कद्दू के बीज खा सकती हैं। इसके बाद के हफ्तों में आप एक चम्मच सरसों के बीज और एक चम्मच तिल का सेवन कर सकती हैं। डॉक्टर्स के मुताबिक पीएमएस के लक्षणों को कम करने के लिए आप अपनी डाइट में फल और हेल्दी फैट शामिल करें। आप हेल्दी फैट्स जैसे ऑलिव ऑयल नट्स सीड्स और गाय का घी हार्मोन को बैलेंस करने में मदद करते हैं। पीएमएस इसके लक्षणों को कम करने के लिए रोजाना व्यायाम करें। डॉक्टर्स के मुताबिक रोजाना 30 मिनट ब्रीथिंग एक्सरसाइज और मेडिटेशन करने से स्ट्रेस हार्मोन कम होता है। डॉक्टर्स के मुताबिक फिजिकल एक्टिविटी को कम न करें। पीरियड्स के दौरान भी थोड़ी वॉक जरूर करें। इसके अलावा आपको सही लग रहा हो तो जॉगिंग या रनिंग आदि भी कर सकती हैं। पीएमएस को कम करने के लिए रोजाना सुबह खाली पेट धनिया का पानी पिएं।

# कम पैसों में सजाना चाहते हैं कमरा तो खरीदें फ्रेंडली डेकॉर आइटम्स

हर कोई चाहता है कि वह अपना घर ऐसे सजाए कि लोग देखते रह जाएं। अक्सर लोग घर सजाने के लिए महंगे डेकोरेटिव आइटम्स और शोपीस खरीदते हैं। लेकिन आप बिना कम बजट में भी अपना आशियाना सजा सकते हैं। अगर आप भी अपने घर को नया लुक देने के बारे में सोच रहे हैं तो आज का लेख जरूर पढ़ें। आज के इस लेख में हम आपको कुछ पॉकेट-फ्रेंडली होम डेकॉर आइडियाज बताने जा रहे हैं -

**वॉल पेंटिंग से लगाएं दीवार पर चार चाँद**

अगर आप अपने घर को मिनिमल तरीके से डेकोरेट करना चाहती हैं तो वॉल पेंटिंग बेस्ट ऑप्शन है। आप अपने घर की दीवार पर सिंपल सी वॉल पेंटिंग लगाकर भी घर को क्लासी लुक दे सकते हैं। बाजार में कई डिजाइन और शेप्स वाली वॉल पेंटिंग आती हैं। आप अपने होम डेकॉर के लिए ऐसी ही एक पेंटिंग चुन सकती हैं।

**कुशन से बढ़ेगी कमरे की खूबसूरती**

अगर आप कम पैसों में घर को सजाना चाहती हैं तो अपने प्लेन सोफे पर रंग बिरंगे कुशन रख कर देखिए। इससे आपके कमरे की खूबसूरती मिनटों में बढ़ जाएगी। बाजार में अलग-अलग प्रिंट और आकार के कुशन मिलते हैं। आप अपनी पसंद के अनुसार कुशन खरीद सकती हैं। सोफे पर रखे कुशन से आपके कमरे की ख़बसूरती में सहार चाँद लग जाएंगे।

**कार्पेट से सजाएँ घर**


आप चाहें तो कार्पेट का इस्तेमाल करके भी अपने घर को सजा सकती हैं। घर के ड्राइंग रूम और बेडरूम में कार्पेट बिछा कर आप कमरे को और ज़्यादा सुंदर बना सकती हैं। अगर आपके घर में पहले से ही कार्पेट रखे हों तो आप उनकी जगह बदल कर कमरे को फ्रेश लुक दे सकते हैं। इसके लिए आप बेडरूम का कार्पेट ड्राइंग रूम में और ड्राइंग रूम का कार्पेट बेडरूम में बिछा सकते हैं।

**घर में लगाएँ कलरफुल लाइट्स**

घर को सजाने के लिए आप रंग-बिरंगी लाइट्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। लाइट्स का इस्तेमाल ना सिर्फ घर को खूबसूरत बनाने के लिए किया जाता है बल्कि इसका असर हमारे मूड पर भी होता है। रंग-बिरंगी लाइट्स लगाकर आप अपने कमरे को फंकी लुक दे सकते हैं।

# करियर के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे कोहली: आईपीएल के 10 साल में सबसे खराब औसत

मुंबई / यूटर्न: विराट का औसत पिछले 10 सालों में आईपीएल में पहली बार 20 के नीचे गया है। उनका बल्ला है कि बोलने का नाम ही नहीं ले रहा। फैंस के चहेते किंग कोहली इस सीजन सिर्फ 19.6 की एवरेज से खेल रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया मुकाबला पहली गेंद पर विराट के बड़े विकेट के साथ शुरू हुआ। स्पिनर जे सुचित की गेंद पर कोहली बगैर खाता खोले आउट हो गए। सीजन में तीसरी बार ऐसा हुआ, जब विराट बगैर कोई रन बनाए पवेलियन की ओर चलते बने। इसी के साथ करोड़ों फैंस का दिल टूट गया। कई घर में टीवी बंद हो गए और लोग गम भुलाने की खातिर दुनियादारी में उलझ गए। जिस विराट कोहली के नाम से एक वक्त दुनिया के तमाम गेंदबाज सिहर उठते थे, आज वह अपने करियर के सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। IPL 15 में वह 3 बार गोल्डन डक का शिकार हो चुके हैं, यानी कि पहली ही गेंद पर आउट हो गए हैं। 3 साल बीत चुके लेकिन विराट के बल्ले से शतक नहीं निकला। ऐसा नहीं है कि इससे विराट की आक्रामकता कोई कम हुई है। सीएसके के खिलाफ हुए मुकाबले में जब धोनी का विकेट गिरा, तो कोहली का एग्रेसिव रिएक्शन सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ।




## बैटिंग कोच बांगर हालात संभालने में जुटे

इंडियन टीम के बैटिंग कोच के रूप में अपनी सेवा दे चुके संजय बांगर सिचुएशन को हैंडल करने का प्रयास कर रहे हैं। विराट जब पहली गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौटे तो किसी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। थोड़ी देर बाद नजर आया कि आरसीबी के बैटिंग कोच संजय विराट के साथ माहौल को हल्का करने का प्रयास कर रहे हैं। दोनों साथ मिलकर मुस्कुरा रहे थे, ताकि विराट पर इस नाकामी का अधिक मानसिक दबाव ना पड़े। बांगर जानते हैं कि किंग कोहली आज भी टीम के सबसे बड़े मैच विनर हैं और अगर आरसीबी को अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी जीतनी है, तो विराट का बड़ा स्कोर करना हर हाल में जरूरी होगा। दुनिया जानती है कि विराट में टेलेंट की कोई कमी नहीं है। समस्या प्रतिभा को मुकाबले के दौरान इस्तेमाल करने में आ रही है। बेंगलुरु का कोचिंग स्टाफ जितनी जल्दी विराट की समस्या पर काम करेगा, टीम को आगे के मुकाबलों में उतना ज्यादा लाभ मिलेगा।

## विराट के शॉट्स में पहले जैसा कॉन्फिडेंस नहीं

विराट के शॉट में पहले की तरह कॉन्फिडेंस नजर नहीं आता। कभी उनके बल्ले से निकला फ्लिक शॉट चौके की गारंटी होता था, अब वह आसान से कैच में तब्दील हो जाता है। आज भी विराट साथी खिलाड़ियों के साथ मिलकर उसी अंदाज में जश्न मनाते हैं, जैसे पहले किया करते थे। जब दिनेश कार्तिक किसी मुकाबले को फिनिश करते हैं, तो विराट उसका पूरा लुत्फ उठाते हैं। बल्लेबाजी में वह जज्बा कहां गायब हो जाता है, यह फैंस को समझ नहीं आ रहा। अब तो ऐसा लगता है कि दुनिया का कोई भी गेंदबाज विराट के सामने आएगा तो निश्चित ही उनका विकेट लेकर जाएगा।

## सनराइजर्स के सामने दोनों मुकाबलों में पहली बार 0 पर आउट हुए कोहली

इसके पहले भी विराट सनराइजर्स के खिलाफ ही बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए थे। लखनऊ सुपर जायंट्स के सामने भी विराट के बल्ले से कोई रन नहीं निकल सका था। सीजन में SRH के सामने लगातार दूसरी बार 0 पर आउट होने के बाद विराट काफी निराश नजर आए। प्रैक्टिस सेशन में पसीना बहाने वाले विराट मैच में अजीबोगरीब शॉट खेलकर विकेट गंवा रहे हैं। अनुज रावत की खराब फॉर्म को देखते हुए आरसीबी ने कोहली से ओपनिंग कराने का फैसला लिया था, लेकिन अब तक वह निर्णय टीम के हित में नहीं गया है।



# अवनीत ने कराया हॉट फोटोशूट

अलादीन नाम तो सुना होगा में यासमीन की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अब थाई हाई स्लिट ड्रेस पहनकर बोल्ड फोटोशूट करवाया है। अवनीत कौर कलरफुल ड्रेस पहन रखी है। उनके बाल बंधे हुए हैं और वह समुद्र के आगे शिप पर खड़ी होकर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। अवनीत कौर की तस्वीरों पर कई लोगों ने शानदार, खूबसूरत, नाइस पिक और क्या खूबसूरती है जैसे कमेंट किए है। अवनीत कौर ने हाल ही में अपनी बिकिनी ड्रेस पहनकर भी तस्वीरें शेयर की थी। इसमें उन्हें टू पीस बिकिनी पहनकर पोज करते हुए देखा जा सकता है। अवनीत कौर टेलीविजन एक्ट्रेस है। वह कई शो में नजर आ चुकी है। वह कई म्यूजिक वीडियो में भी नजर आ चुकी है।

# सोनाक्षी सिन्हा ने कर ली सगाई

सोनाक्षी सिन्हा ने सगाई कर ली है, जी हां आपने बिल्कुल सही पढ़ा, बॉलीवुड की गॉर्जियस डीवा सोनाक्षी अब सिंगल नहीं रही। एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर फैंस को ये जानकारी दी है। अचानक आई इस खबर से फैंस जहां शॉक्ड हैं वहीं अपने फेवरेट एक्ट्रेस को इस खास मौके पर बधाइयां भी दे रहे हैं। सोनाक्षी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तीन अलग-अलग फोटोज शेयर करके खुद अपनी इंगेजमेंट की खबर शेयर की है। एक फोटो में दबंग गर्ल अपनी इंगेजमेंट रिंग फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। सोनाक्षी के मंगेतर उनका हाथ थामे नजर आ रहे हैं। पर उन्होंने अपने फिआॅन्से का चेहरा नहीं दिखाया है। सोनाक्षी ने पूरी तरह से सस्पेंस बना रखा है कि उनकी जिंदगी में शामिल होने वाले ये स्पेशल पर्सन आखिर है कौन। सोनाक्षी दूसरी फोटो में अपने डार्लिंग पार्टनर के कंधे पर प्यार से हाथ रखकर स्माइल देती नजर आ रही हैं। वहीं, तीसरी तस्वीर में सोनाक्षी अपने पार्टनर का हाथ थामे हुए हैं। रिंग फिंगर में एक चमकती हुई डायमंड रिंग बता रही है कि जल्द ही सिन्हा हाऊस में शहनाई बजने वाली है। सोनाक्षी ने फैंस संग ये गुड न्यूज शेयर करते हुए कैप्शन में अपनी खुशी और एक्साइटमेंट भी जाहिर की है। सोनाक्षी ने फोटोज शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'मेरे लिए ये बड़ा दिन है। मेरे सबसे बड़े सपनों में से एक सपना सच होने जा रहा है और इसे आपके साथ शेयर करने का मैं इंतजार नहीं कर सकती हूं। बता दें कि भले ही सोनाक्षी सिन्हा ने अपने पार्टनर का नाम डिस्क्लोज ना किया हो पर पिछले कुछ दिनों से उनके और नोटबुक फेम एक्टर जहीर इकबाल की डेटिंग के चर्चे आम हैं।






# वरुण ने नताशा को किया बर्थडे विश

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और अपने से जुड़े अपडेट्स शेयर करते रहते हैं। वरुण धवन 8 मई यानी रविवार को अपनी पत्नी नताशा दलाल का जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर वरुण धवन ने तीन तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह अपनी पत्नी नताशा दलाल के रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। बताते चलें कि नताशा दलाल अपना 34वां जन्मदिन मना रही हैं। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तीन तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वरुण धवन और नताशा दलाल के साथ सेल्फी ले रहे हैं। दूसरी तस्वीर में वरुण धवन के गाल पर नताशा दलाल किस कर रही हैं। तीसरी तस्वीर में नताशा दलाल अपने डॉगी के साथ खेल रही हैं। वरुण धवन ने अपनी पोस्ट में लिखा है, 'इस प्लेनेट पर मेरे फेवरेट हार्टबीट को जन्मदिन की शुभकामनाएं।' वरुण धवन की इस पोस्ट को तमाम फैंस लाइक कर रहे हैं और कमेंट कर रहे हैं। वहीं, करिश्मा कपूर, ईशा गुप्ता, मनीष पॉल सहित तमाम सेलिब्रिटीज ने भी नताशा दलाल को बर्थडे विश किया है।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA
सोमवार 09 मई 2022

खुद बोलती तस्वीर




डेबलीना डे

आर्टिस्ट डेबलीना डे, चानक, वैस्ट बंगाल से...

इंडिगो ने दिव्यांग बच्चे को फ्लाइट में चढ़ने से रोका: भड़के सिंधिया, बोले-

# ऐसा व्यवहार बर्दाश्त नहीं, सीईओ ने माफी मांगी



नई दिल्ली / यूटर्नः इंडिगो एयरलाइंस की ओर से दिव्यांग बच्चे को विमान में चढ़ने से रोकने का मामला केंद्र तक पहुंच गया है। सोमवार को इसे लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ऐसा व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद एयरलाइन के सीईओ ने माफी मांगी है। दरअसल, शनिवार को एक दिव्यांग लड़का अपने माता-पिता के साथ रांची एयरपोर्ट पहुंचा।

इस दौरान उसे इंडिगो की रांची-हैदराबाद उड़ान में चढ़ने से रोक दिया गया, जिसके बाद उसके माता-पिता ने भी विमान की यात्रा नहीं करने का फैसला किया। मंत्री ने ट्विटर पर लिखा, 'ऐसे रवैये के लिए जीरो टॉलरेंस है। किसी भी इंसान को इससे नहीं गुजरना चाहिए! मामले की खुद जांच कर रहा हूं, जिसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।' नागर विमानन महानिदेशालय ने भी इंडिगो से रिपोर्ट मांगी है। सोशल मीडिया पर शेयर होने के बाद इस मामले में कार्रवाई की गई है। इंडिगो ने अपने सीईओ रोनोजॉय दत्ता के हवाले से सोमवार को स्टेटमेंट जारी करके कहा- '7 मई को रांची एयरपोर्ट पर दुर्भाग्यपूर्ण वाकया हुआ, जब एक दिव्यांग टीनेजर और उसके माता-पिता हैदराबाद की फ्लाइट में नहीं चढ़ पाए। इंडिगो के सभी कर्मचारी इस वायके को लेकर परेशान हैं। अप्रैल 2022 से लेकर अब तक हमने करीब 75 हजार दिव्यांगों को लेकर उड़ान भरी है। हमारे क्रू और एयरपोर्ट स्टाफ को खास ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि खास जरूरतों वाले यात्रियों को बेहतर ट्रीटमेंट दिया जा सके। कंपनी ने आगे कहा- 'चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रिया के दौरान हम जाहिर तौर पर परिवार को ले जाना चाहते थे, लेकिन बोर्डिंग एरिया में टीनेजर काफी घबराया हुआ नजर आया। हालांकि, यात्रियों को विनम्र और सहानुभूति से ट्रीट करना हमारी सबसे अहम जिम्मेदारी है, लेकिन सेफ्टी गाइडलाइन्स को देखते हुए एयरपोर्ट स्टाफ को एक मुश्किल फैसला लेना पड़ा। इस घटना के सारे पहलुओं की जांच करने के बाद, एक संस्थान के तौर पर हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि मुश्किल घड़ी में हमने सबसे बेहतर निर्णय लिया।

## साबुन के बक्सों में छुपाकर ले जाई जा रही 15 करोड़ की हेरोइन जब्त, दो गिरफ्तार



गुवाहाटी / यूटर्नः असम के कार्बी आंगलोंग जिले से सोमवार को नशीले पदार्थों की तस्करी करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 15 करोड़ रुपये की हेरोइन भी जब्त की गई है। पुलिस ने बताया कि असम पुलिस और सीआरपीएफ के साझा अभियान में यह सफलता मिली है। कार्बी आंगलोंग जिले की पुलिस उपाधीक्षक नाहिद करिश्मा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। इसके तहत असम-नगालैंड सीमा पर वाहनों की तलाशी ली गई। इस दौरान एक वाहन से साबुन के 152 बक्सों में छुपाकर रखी गई लगभग दो किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी मणिपुर और नगालैंड के निवासी हैं। इसको लेकर सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट किया। उन्होंने कहा, अभियान के तहत 152 साबुन के बक्सों में 1.995 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है वहीं दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। असम के कोकराझार जिले में जादू टोना करने के संदेह में एक 45 वर्षीय महिला की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। उसका शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने बताया, गोसाईगांव थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव में हुई घटना में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया, महिला शनिवार को गांव से लापता हो गई थी। इसके बाद उसके पति की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी। महिला के शरीर पर चाकू के निशान पाए गए हैं। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## नागरिकता न मिलने से वापस पाकिस्तान लौटे 800 हिंदू परिवार

केंद्र के लिए शर्म की बात: सुब्रमण्यम स्वामी

नई दिल्ली / यूटर्नः पाकिस्तान में हो रहे जुल्मों से बचने के लिए लगभग आठ सौ हिंदू परिवार भारत आए थे। साल 2011 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने पाकिस्तान में रह रहे ऐसे लोगों को लंबी अवधि का वीजा यानी एलटीवी देने का निर्णय किया था, जिनका धार्मिक उत्पीड़न हो रहा था। उस दौरान सैकड़ों हिंदू और सिख समुदाय के लोग, भारत आ गए थे। करीब एक दशक बाद भी उन लोगों को भारत की नागरिकता नहीं मिल सकी। हालांकि उन्होंने नागरिकता हासिल करने की खातिर सरकारी दफ्तरों के खूब चक्कर काटे, लेकिन बात नहीं बनी। मजबूरन आठ सौ हिंदू परिवारों को वापस पाकिस्तान जाना पड़ा। भारत में पाकिस्तानी अल्पसंख्यक प्रवासियों के हक की आवाज उठाने वाली संस्था सीमांत लोक संगठन (एसएलएस) द्वारा यह दावा किया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने इस मुद्दे पर कहा, यह केंद्र सरकार के लिए शर्म की बात है।

## केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा- देशद्रोह कानून के प्रावधानों पर करेंगे पुनर्विचार




नई दिल्ली / यूटर्नः केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने देशद्रोह कानून के प्रावधानों की फिर से जांच करने और पुनर्विचार करने का फैसला किया है। साथ ही अनुरोध किया है कि जब तक सरकार इस मामले की जांच नहीं कर लेती, तब तक देशद्रोह मामले पर सुनवाई न की जाए। इससे पहले सुनवाई के दौरान केंद्र ने इस कानून को सही करार देते हुए इसे बरकरार रखने की बात कही थी। केंद्र सरकार ने देशद्रोह कानून का बचाव करते हुए शनिवार (7 मई) को सुप्रीम कोर्ट से देशद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करने का अनुरोध किया था। चीफ जस्टिस एन वी रमन्ना की अध्यक्षता में तीन जजों की संवैधानिक पीठ देशद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं। चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस हिमा कोहली को ये भी तय करना था कि इस याचिका को पांच या सात जजों की संवैधानिक पीठ के पास रेफर किया जाए या फिर तीन जजों की बेंच ही इस याचिका पर सुनवाई करे। केंद्र सरकार ने लिखित तौर पर केदार नाथ बनाम स्टेट ऑफ बिहार केस का हवाला देते हुए तीन जजों की बेंच से कहा था कि देशद्रोह को लेकर पांच जजों की बेंच ने फैसला सुनाया था इसलिए अब इस फैसले पर पुनर्विचार की जरूरत नहीं है।

## श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने दिया इस्तीफा, देशभर में लगा कर्फ्यू



कोलंबो। श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। विपक्ष की अंतरिम सरकार बनाने की मांग के आगे झुकते हुए उन्होंने यह कदम उठाया है। इस बीच देश में जारी हिंसक झड़पों के बीच कर्फ्यू लगा दिया गया है। श्रीलंका 1948 में अपनी आजादी के बाद से सबसे बुरे आर्थिक संकट से गुजर रहा है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खत्म हो चुका है, जिससे वह जरूरी चीजों का आयात नहीं कर पा रहा है। इसे देखते हुए बांग्लादेश ने करेंसी स्वैप के माध्यम से दिए गए 20 करोड़ डॉलर के लोन को चुकाने की अवधि एक साल के लिए बढ़ा दी है। बांग्लादेश बैंक के डायरेक्टर्स ने एक बैठक में यह फैसला किया। डेली मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय बैंक के प्रवक्ता सेराजुल इस्लाम ने कहा कि लोन की शर्तों को बदले बिना ही इसे बढ़ाया गया है। वहीं, सरकार के खिलाफ लोगों का विरोध जारी है।

## नाटो रूस पर हमला करने की तैयारी कर रहा था, इसलिए किया यूक्रेन पर हमलाः पुतिन



कीव/मॉस्को। यूक्रेन में चल रही जंग के बीच रूस आज अपना 77वां विजय दिवस मना रहा है। इस दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश क्रीमिया सहित रूस पर आक्रमण की तैयारी कर रहे थे। इसलिए यूक्रेन पर हमला करना जरूरी हो गया था। विक्ट्री डे पर लोगों को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा- नाटो हमारी सीमा पर खतरा पैदा करना चाहता था। रूसी सेना यूक्रेन में अपनी मातृभूमि की रक्षा कर रही है। रूसी सेना ने पश्चिमी देशों की नीतियों के खिलाफ सही समय पर और आवश्यक जवाबी कार्रवाई की है। दूसरी तरफ, रूस पर दबाव बढ़ाने के लिए अमेरिका, G-7 देशों और यूरोपियन यूनियन ने प्रतिबंधों का दायरा बढ़ा दिया है। रूसी अर्थव्यवस्था को झटका देने के लिए मॉस्को से ऑयल इंपोर्ट बैन करने की बात कही गई। हालांकि, इसके लिए कोई समय सीमा तय नहीं की गई है। यूक्रेनी सेना का दावा है कि उसने 8 मई को पूर्वी यूक्रेन में 190 रूसी सैनिकों को हरा दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को और मदद का भरोसा दिया। अमेरिका ने अब तक 2600 से ज्यादा रूसियों को वीसा देने से इनकार किया। इसके साथ ही रूस के तीन 3 सरकारी चैनलों पर बैन लगाया है। कोई अमेरिकी नागरिक रूसी कंपनियों को किसी भी तरह की सर्विस नहीं दे सकेगा। रूस के प्रमुख बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ किसी भी प्रकार के लेन-देन पर रोक रहेगी। रूस से इंपोर्टेड लकड़ी के समान, पंखे, वेंटिलेशन सामान और अन्य कई इलेक्ट्रिक समान को भी बैन लिस्ट में डाला गया है।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma